Hindustan Media Ventures Limited

C-164, Sector-63, Noida
Dist. Gautam Budh Nagar UP - 201301
Ph. : 0120 - 4765650
E-mail : hmvlinvestor@livehindustan.com
Website : www.hmvl.in
CIN: L21090BR1918PLC000013

24th July, 2024

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

Scrip Code: 533217

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai - 400 051

Trading Symbol: HMVL

Subject: Newspaper advertisement- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Ref: Transfer of equity shares to Investor Education and Protection Fund Authority

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "Mint" (English) and "Hindustan" (Hindi) newspapers dated 24th July, 2024, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016.

You are requested to take the above information on record.

Thanking you,
Yours faithfully,
For **Hindustan Media Ventures Limited**

(Nikhil Sethi)
Company Secretary
Encl.: *As above*

Thank you for being a responsible Tax payer

Is your refund due?

Then please note:

- Refund claims are subject to verification checks, which may cause delays.
- Accurate filing of ITR leads to quicker processing of refunds.
- Any discrepancies in the claims made will prompt a request for a revised return.

DO

- Regularly visit the e-filing portal.
- Check for any communication regarding your ITR processing.
- Promptly take necessary actions based on the communication.
- Ensure all claims made are correct and accurate.

DON'T

- Incorrectly claim TDS amounts.
- Under-report your income.
- Exaggerate deductions.
- Submit claims for bogus expenses.

Please login to the e-filing Portal using link **https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/** and visit 'Dashboard' for Processing Status and visit **Pending Action>>Worklist section** to check if any action item is pending for closure.

Filing a false or bogus claim is a punishable offence.

Income Tax Department
Central Board of Director Taxes

For more information, Scan QR Code

For further assistance, please visit the website of the Income tax Department: www.incometax.gov.in

@IncomeTaxIndia | incometaxindia.official | Income Tax India Official | @incometaxindiaofficial | incometaxindia.gov.in

cbc 15401/13/0003/2425

International Financial Services Centres Authority (IFSCA)
(A statutory authority established by the Government of India)
2nd & 3rd floor, savvy Pragya,
Gujarat International Financial Tec-city
Gandhinagar Gujarat - 382355, India
Tel: +91-79-61809800, Web: www.ifsca.gov.in

Tender Notice for Selection of Solution Provider (SP) for Core Supervisory Technology (Core SupTech) System Project of IFSCA

Tender No.: IFSCA/Technology/2024/001

The International Financial Services Centres Authority (IFSCA) intends to select a Solution Provider (SP) for Core Supervisory Technology (Core SupTech) System Project of IFSCA and has issued Request for Proposal (RFP) for the said purpose. The last date for submission of bids has now been revised to **5th August 2024 at 1500 hrs**.

For more details, please refer to IFSCA's e-Procurement Portal (**https://ifsca.enivida.com/**) or the Official Website of IFSCA (**https://ifsca.gov.in/home/TenderList/**).

General Manager-IT
International Financial Services Centres Authority (IFSCA)

CBC 15228/12/0004/2425

हिन्दुस्तान

Hindustan Media Ventures Limited
Registered Office: Budh Marg, Patna – 800001
Ph.: +91 612 222 3434;
Corporate Office: Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
Ph.: +91 11 6656 1234; **E-mail:** hmvlinvestor@livehindustan.com;
Website: www.hmvl.in
CIN: L21090BR1918PLC000013

NOTICE
(for the attention of Equity Shareholders of the Company)

Sub: Transfer of unpaid/unclaimed dividend & Equity shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF)

Members are hereby informed that pursuant to the provisions of Section 124(5) of the Companies Act, 2013 ("**Act**") read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 ("**IEPF Rules**"), if dividend remains unpaid/unclaimed for a period of seven (7) years or more, the same shall be liable to be transferred by the Company to the IEPF account. Further, in terms of Section 124(6) of the Act and IEPF rules, the Company is also required to transfer the shares, in respect of which dividend remains unpaid or unclaimed for a period of seven (7) consecutive years or more, to the IEPF Account.

The Company has communicated individually to the concerned shareholders, on their latest available address, whose shares are liable to be transferred to Demat Account of IEPF Authority under the IEPF Rules, for taking appropriate action(s). The list of such shareholders, whose shares are liable for transfer to the IEPF, is placed on the website of the Company i.e. **https://www.hmvl.in** under 'Investor relations' section.

The concerned shareholders holding shares in physical form, and whose shares are liable to be transferred to IEPF Authority, may note that the Company would be issuing new share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) held by them for dematerialization, followed by transfer of shares to IEPF Authority as per the IEPF Rules. Upon such issue, the original certificate(s) which stands registered in their name will automatically stand cancelled and be deemed non-negotiable. In case of shares held in demat form, the Company will inform the respective Depository by way of corporate action for transfer of shares to IEPF Authority. The shareholders may please note that the details uploaded by the Company on its website viz. **https://www.hmvl.in** will be considered as, and shall be deemed to be, adequate notice in respect of issue of new certificate(s) by the Company for the purpose of transfer of shares to IEPF Authority pursuant to the IEPF Rules.

The concerned shareholders are requested/advised to claim the unpaid/unclaimed dividend amount(s) **on or before October 25, 2024**, failing which the Company shall proceed to transfer the liable dividend and Equity shares to IEPF Authority without any further notice. The concerned shareholders may still claim the dividend and Equity shares from IEPF Authority by submitting an online application in E-Form IEPF-5, available on the website **www.iepf.gov.in** and following the procedure laid down under the Act and the IEPF Rules.

Kindly note that unpaid/unclaimed dividend for financial years upto 2015-2016 and shares in respect thereof, have already been transferred to IEPF, and the same can be claimed back from IEPF Authority, following the procedure laid down under the said IEPF Rules.

For any queries in respect of the above, shareholders may contact the Company's Registrar and Transfer Agent at KFin Technologies Ltd., **Unit: Hindustan Media Ventures Limited**, Selenium Building, Tower B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India - 500032. Toll Free No.: 1800-309-4001; Email: **einward.ris@kfintech.com**; Website: **www.kfintech.com**.

For Hindustan Media Ventuures Limited

Date: 23 July, 2024
Place: New Delhi

(Nikhil Sethi)
Company Secretary

BSES
BSES Yamuna Power Limited

BSES Yamuna Power Limited, Delhi
... A joint venture with Govt. of NCT of Delhi

NOTICE INVITING TENDER **Date: 24.07.2024**

E-tenders under two Bid System (Unpriced & Priced) are invited as per the following details:

NIT No.	Tender Description	Estimated Cost (₹)	Cost of EMD (₹)	Due Date & Time of Submission	Date & Time of Opening
CMC/BY/24-25/RS/SkS/MD/24	Supply of Single phase 11 kV insulated type drop out fuse unit.	2.50 Crore	5.00 Lakhs	13.08.2024 14:00 Hrs	13.08.2024 15:00 Hrs
CMC/BY/24-25/RS/SkS/MD/25	Supply of 33KV & 66KV Outdoor CT & PT of various ratings.	1.10 Crore	2.20 Lakhs	13.08.2024 14:00 Hrs	13.08.2024 15:00 Hrs
CMC/BY/24-25/RS/SkS/MD/26	Supply of 33KV & 66KV Outdoor CVT	0.60 Crore	1.20 Lakhs	13.08.2024 14:00 Hrs	13.08.2024 15:00 Hrs
CMC/BY/24-25/RS/SvS/AS/27	Award of work for Servicing / Repairing of Distribution Transformers of various ratings at BYPL's Workshop for 2 Years	3.60 Crore	7.20 Lakhs	14.08.2024 11:00 Hrs	14.08.2024 11:30 Hrs

Cost of each Tender Document: ₹**1,180/-**
For details in respect of Equipment/BOM/Services, Qualifying requirements, Terms & conditions, purchase/submission of tender documents, corrigendum etc. please visit our website www.bsesdelhi.com **--> BSES YAMUNA POWER LTD--> Tenders-->Open Tenders.**

Head (Contracts & Materials)

Regd.Off: BSES Yamuna Power Ltd, Shakti Kiran Building, Karkardooma, Delhi-110032 | CIN: U40109DL2001PLC111525
Website: www.bsesdelhi.com

आम बजट 2024-25

4,523 करोड़ रुपये एम्स के लिए आवंटित, पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार 245 करोड़ अधिक मिले

5,384 करोड़ रुपयों का प्रावधान रिटायर्ड कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए किया गया है बजट में

140 करोड़ रुपये इग्नू के लिए आवंटित किए गए, वर्ष 2023 में यह बजट 130.8 करोड़ था

"इस बार का बजट सरकार बचाओ-महंगाई बढ़ाओ बजट है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा नहीं हुई। पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा नहीं हुई। महिलाएं महंगाई की मार झेलती रहेंगी। हर वर्ग को घोर निराशा देने वाला बजट है।" - संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य, आप

छात्रों की उम्मीदों पर खरा उतरा बजट, कारोबारी उत्साहित दिखे

हि लाइव

केंद्रीय आम बजट पर मंगलवार को हर किसी की नजरें टिकी रहीं। लोग बाजारों, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो, शिक्षण संस्थानों समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर बजट का अपडेट लेते रहे। छात्रों ने बजट की सराहना की और उम्मीदों को पूरा करने वाला बताया। वहीं, कारोबारी भी उत्साहित दिखे और उन्होंने कहा कि कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिनसे उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा...

नई दिल्ली के दरियागंज स्थित एक शोरूम पर मंगलवार को टीवी स्क्रीन पर बजट देखते लोग। ● सोनू मेहता

"बजट में रोजगार, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। सरकार को इसमें खुदरा विक्रेताओं के सीधे लाभ की योजनाओं को भी शामिल करना चाहिए।"
–**नितिन गुप्ता**, प्रधान, कमला नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन

"सोने और चांदी पर सीमा शुल्क घटाकर छह और प्लेटिनम पर 6.4 फीसदी करना सराहनीय है। ग्राहकों को सस्ता सोना मिलेगा। आभूषण उद्योग इस कदम के लिए धन्यवाद करता है।"
– **योगेश सिंघल**, चेयरमैन, ऑल बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, कूचा महाजनी

"वित्तमंत्री ने माना है कि जीएसटी और इनकम टैक्स भरपूर आ रहा है। सरकार एक तरफ तो नौकरी और रोजगार देने की बात कर रही है दूसरी तरफ ट्रेडर्स संस्थान बंद होने के कगार पर हैं।"
– **परमजीत सिंह**, चेयरमैन, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन

रेलवे पर भी ध्यान देने की जरूरत

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
11:30 बजे, सुबह

बजट पेश होने के दौरान मंगलवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अन्य दिनों की तरह ही यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां रेलवे बजट के बारे में यात्रियों को जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बीते दिनों हुए हादसों के चलते सफर के दौरान सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

दिल्ली से पटना जा रहे नरेश कुमार ने बताया कि उनके रूट पर टिकटों की काफी मारामारी रहती है। भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियां भी नाकाफी है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेलगाड़ी चलाने की आवश्यकता है। रांची जाने के लिए स्टेशन पहुंचे नबोनाथ ने कहा कि अब ट्रेन की यात्रा के दौरान भी डर लगा रहता है। सुरक्षा को लेकर कदम उठाने की जरूरत है। इसको लेकर बजट में घोषणा होनी चाहिए थी।

महिलाओं से जुड़ी योजनाएं सराहनीय

डीयू हंसराज कॉलेज
11:40 बजे, सुबह

बजट को डीयू के हंसराज कॉलेज में छात्रों ने शिक्षकों के साथ देखा और चर्चा की। कॉलेज के शिक्षक प्रभांशु ओझा ने बताया कि सरकार द्वारा युवाओं, छात्रों और महिलाओं के लिए लाई गई योजनाएं सराहनीय हैं।

छात्रों ने कहा कि वह सरकार की इंटर्नशिप स्कीम को लेकर उत्साहित हैं। यह उनके लिए सीखने का बहुत बड़ा अवसर होगा। साथ ही पांच हजार रुपये प्रति माह मानदेय भी प्राप्त होगा। बजट में स्टूडेंट स्टडी लोन के ब्याज दरों में दी गयी छूट पर भी विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र प्रिंस मलिक का कहना है कि बजट की बारीकियों को भी हमने शिक्षकों से पूछा।

स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स समाप्त होने पर व्यापारी खुश

कमला नगर बाजार
11:45 बजे, सुबह

कमला नगर बाजार में व्यापारियों की नजर सुबह से बजट पर टिकी रही। जैसे ही वित्तमंत्री ने रोजगार, कौशल विकास और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर से संबंधित घोषणाएं की तो उनके चेहरे खिल गए।

बाजार के अधिकांश कारोबारी एमएसएमई सेक्टर में शामिल हैं। ऐसे में लोन से लेकर भुगतान के नियमों का लाभ उन्हें भी मिलेगा। स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स को समाप्त किए जाने की घोषणा पर भी उन्होंने खुशी जताई। हालांकि, टैक्स स्लैब में छूट बढ़ने की उम्मीद और जीएसटी में सरलीकरण मांग पूरी नहीं हो पाई, लेकिन उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश को एक राष्ट्र एक टैक्स की राह पर ले जा रही है। कमला नगर जैसे बाजारों में खुदरा विक्रेता स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बनाए रखने और रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि अगले बजट में खुदरा बुनियादी ढांचे और आधुनिकीकरण का समर्थन करने वाली नीतियों पर विशेष तौर से ध्यान दिया जाए, जिसमें बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और डिजिटल भुगतान शामिल हो।

■ बोले, लोन से लेकर भुगतान के नियमों का लाभ उन्हें भी मिलेगा

विचारधारा के आधार पर मूल्यांकन किया

जेएनयू
11:50 बजे, सुबह

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों का बजट को लेकर अलग-अलग रुख रहा। विश्वविद्यालय के छात्रों ने विचारधारा के आधार पर बजट का मूल्यांकन किया। हॉस्टलों में बजट को देखने के लिए हॉल में कई जगह पर छात्र जुटे थे।

सतलुज हॉस्टल में बजट देखने के लिए जुटे छात्रों में छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय कुमार ने कहा कि इस बजट में छात्रों की बुनियादी जरूरतों का ध्यान नहीं रखा गया है। यूजीसी की ग्रांट में कटौती हुई है। विश्वविद्यालयों को निजीकरण की तरफ धकेला जा रहा है। हॉस्टल, छात्रवृत्ति की तरफ सरकार का ध्यान नहीं है।

परिवार बोले- थोड़ा मिला, ज्यादा की जरूरत

राजधानी दिल्ली में अलग-अलग आय वर्गों के परिवारों ने मंगलवार को आए केंद्रीय बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। निम्न और मध्यम आय वर्ग वालों ने जहां महंगाई को अहम मुद्दा बताते हुए थोड़ी और छूट दिए जाने की बात कही, वहीं-उच्च आय वर्ग और व्यापार से जुड़े लोगों ने इसे अच्छा बजट बताया। हिन्दुस्तान टीम की रिपोर्ट...

खाने-पीने की चीजों पर करना पड़ रहा ज्यादा खर्च

निम्न आय वर्ग
वार्षिक आय : तीन से चार लाख रुपये

रोहिणी सेक्टर-6 में तरुण चावला पत्नी सुमिता के साथ रहते हैं। दोनों मंगलवार को बजट को लेकर काफी उत्साहित थे।

उन्हें उम्मीद थी कि सब्जियों के बढ़ रहे दामों पर लगाम लगाने के लिए सरकार की ओर से नीति बनाई जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तरुण ने कहा कि वह नमकीन-बिस्किट का छोटा कारोबार करते हैं। इसमें काफी कम बचत होती है। किसी तरह परिवार का खर्च चल पाता है। सरकार ने महंगाई कम करने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई है। वर्तमान में टमाटर की कीमत 80 रुपये, प्याज और आलू के दाम 40 रुपये प्रतिकिलो से अधिक हैं। कीमतें बढ़ने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर रोजमर्रा के जरूरी सामान पर भी टैक्स में कटौती होनी चाहिए थी। महंगाई के कारण लोगों की जेब पर भारी प्रभाव पड़ रहा है। इसको कम करने की दिशा में केंद्र सरकार के बजट में कुछ राहत देने की घोषणा होनी चाहिए थी।

टीवी पर घोषणाओं को सुनते तरुण चावला और उनकी पत्नी। ● हिन्दुस्तान

पत्नी कविता और बेटे-बेटी के साथ लेक्चरर राजकुमार। ● हिन्दुस्तान

पहाड़गंज क्षेत्र में टीवी पर बजट देखते सौरभ छाबड़ा के परिजन। ● हिन्दुस्तान

पुराने स्लैब में बदलाव नहीं, कैसे बचत करेंगे

मध्यम आय वर्ग
वार्षिक आय : 10 लाख रुपये

बजट की घोषणा से मध्यम आय वर्ग कुछ हद तक संतुष्ट नहीं है। इस श्रेणी के लोगों का कहना है पुराने टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस स्थिति में वह कैसे बच कर पाएंगे।

दिल्ली में लेक्चरर राजकुमार कहते हैं कि टैक्स की मार झेल रहे मध्यम वर्ग को बजट में और भी ज्यादा राहत मिलनी चाहिए थी। 10 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए था, ताकि कुछ बचत कर सकें। साथ ही, 80सी में सेविंग लिमिट को बढ़ाकर पांच लाख करना चाहिए था। इससे मध्यम वर्ग के पास कुछ बचत होती। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाकर महंगाई को नियंत्रित करना चाहिए। सरकार को शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। मध्यम वर्ग की आय का बहुत बड़ा हिस्सा इन पर ही खर्च हो जाता है। सरकार को किफायती दामों पर आवास उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि निजी बिल्डरों की मनमानी पर रोक लग सके।

राजकुमार की पत्नी कविता बताती हैं कि रसोई का दैनिक खर्च दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दालें, वनस्पति तेल, आटा, दूध, सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में बचत तो दूर, परिवार का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। सरकार को आम बजट में इसका भी प्रावधान करना चाहिए था।

छोटी इंडस्ट्री को लाभ से रोजगार में बढ़ोतरी होगी

उच्च आय वर्ग
वार्षिक आय : 20 लाख रुपये

पहाड़गंज क्षेत्र में होटल चलाने वाले सौरभ छाबड़ा और उनका परिवार मंगलवार को पेश किए गए बजट से खुश है। सौरभ की सालाना आय करीब 20 लाख रुपये है। घर के कार्य की जिम्मेदारी सौरभ की मां नीलम, भाभी अमिता और पत्नी शमन छाबड़ा पर है।

सौरभ का कहना है कि कोरोना संक्रमण के समय कारोबार में आई गिरावट से होटल इंडस्ट्री धीरे-धीरे उबर रही है। बीते तीन साल में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बेहतर करने का प्रयास किया है। इससे रोजगार में बढ़ोतरी होगी। गारंटी फ्री लोन दिए जाने के साथ-साथ कई अन्य तरह की सुविधाएं देने का ऐलान किया है। बजट से लगता है कि छोटी इंडस्ट्री को लाभ होगा।

वहीं, सौरभ की मां नीलम ने कहा कि गृहिणी के नजरिए से भी बजट अच्छा है। कोई नया टैक्स जनता पर नहीं डाला गया है। सोने-चांदी समेत कुछ अन्य उत्पादों पर टैक्स कम किया गया है। उनका कहना है कि रोजमर्रा की वस्तुओं और खाद्य पदार्थों की महंगाई परेशान करती है। हर साल करीब 15 लाख रुपये घर चलाने में खर्च हो जाते हैं। बाकी रकम से बच्चों के लिए सेविंग करते हैं।

दिल्लीवालों के साथ फिर धोखा हुआ : आतिशी

नई दिल्ली, प्र.सं। दिल्ली सरकार में वित्त मंत्री आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में दिल्लीवालों के साथ फिर धोखा किया गया है। दिल्ली के लोग केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपये का टैक्स देते हैं, लेकिन इस बजट में उनकी कोई हिस्सेदारी नहीं की है।

हर बार की तरह भाजपा शासित केंद्र सरकार ने लोगों को उनका हक नहीं दिया। दिल्लीवालों ने 20 हजार करोड़ रुपये मांगे थे, परंतु कुछ नहीं मिला। दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में आतिशी ने कहा कि बजट में केंद्रीय करों में दिल्ली के हिस्से कुछ नहीं आया है।

मंत्री ने कहा, केंद्र से मांगी थी 20 हजार करोड़ रुपये की धनराशि

दिल्ली के लोगों ने मांग की थी कि जिस तरह देशभर में नगर निकायों को राशि दी जाती है उसी तरह दिल्ली नगर को भी मिलनी चाहिए। यह मांग दिल्लीवालों की तरफ से दिए जाने वाले कुल टैक्स 2.07 लाख करोड़ का मात्र पांच फीसदी की मांग की थी, लेकिन उन्हें भी एक रुपया नहीं मिला है।

'कर्मचारियों के लिए निराशाजनक'

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन (एनएफआईआर) के महासचिव डॉ. एम राघवैया ने बजट को सरकारी कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकारी कर्मचारियों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया।

राघवैया ने कहा कि बजट निजीकरण की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहा है। इससे युवाओं को नौकरी के अवसर नहीं मिलेंगे। खासतौर से सरकारी विभाग जैसे भारतीय रेलवे में नौकरी की संभावना कम होगी। प्रधानमंत्री से अपील करने के बाद भी वेतन पाने वाले कर्मचारियों को आयकर में किसी प्रकार की बड़ी राहत नहीं मिली है।

आने वाले समय में बदलाव दिखेगा

बजट में देश के समग्र विकास पर जोर दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, विनिर्माण और सेवाएं शहरी विकास सहित क्षेत्रों में सरकार ने कार्य करने की मंशा जाहिर की है। इससे आने वाले समय में रोजगार, कृषि, ढांचागत बदलाव और विकास दिखाई देगा।

नौकरी, कर, उद्यम, शिक्षा, रोजगार, ऋण और महिलाओं की उन्नति इसमें विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा। सरकार द्वारा इस बार गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया है।

इस बजट में सरकार ने विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया है। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान एक सराहनीय पहल है।

विशेषज्ञ की राय

राजीव वर्मा, अर्थशास्त्र विभाग, श्री अरबिंदो कॉलेज सांध्य डीयू

उच्च शिक्षा की बात की जाए तो इस बार शिक्षा के लिए यूजीसी को जो बजट दिया गया है वह पिछले बजट से कम है। इसलिए इस आम बजट में शिक्षा के क्षेत्र में खासकर उच्च शिक्षा को कुछ विशेष नहीं मिला है लेकिन बाकी चीजों में छात्रों को लाभ मिलने की संभावना है। यदि केंद्रीय विश्वविद्यालय की बात करें तो इस बार इसके लिए 4000 करोड़ की राशि आवंटित हुई है और यह राशि पिछले साल की तुलना में बढ़ी है।

सरकार द्वारा 10 लाख के ऋण की योजना भी छात्रों की शिक्षा के लिए एक विशेष उपयोगी योजना है। इसमें केवल तीन फीसद का वार्षिक ब्याज लगेगा। यह उन लाखों छात्रों के लिए लाभकारी है जिनकी वार्षिक या पूरे कोर्स की फीस 10 लाख या उससे कम है, लेकिन उन छात्रों के लिए बहुत लाभकारी नहीं है जिनकी फीस अधिक है।

अच्छी खबर | बजट में दो हजार करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद, अन्य परियोजनाओं के कार्यों में तेजी आएगी

किफायती दरों पर आशियाने बनाएगा डीडीए

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। आम बजट में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को 30 हजार करोड़ रुपये मिलने से डीडीए अधिकारी काफी उत्साहित हैं। अब डीडीए जल्द ही कई आवासीय योजना को धरातल पर उतारने की तैयारी में जुट गया है। इसमें किफायती दरों पर करीब तीन हजार वन बीएचके, टू बीएचके फ्लैटों का निर्माण किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि डीडीए को मंत्रालय से दो हजार करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। फंड आवंटित होने के बाद मंत्रालय के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक में डीडीए नए फ्लैटों के संबंध में तैयार योजना के प्रस्ताव को प्रस्तुत करेगा। इसके अलावा नरेला और अन्य जगहों पर निर्मित वन बीएचके फ्लैटों को किफायती दरों के तहत बुकिंग शुरू की होगी। अगले छह माह के दौरान यह बुकिंग सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होगी।

यमुना डूब क्षेत्र में 10 परियोजनाओं पर काम जारी : डीडीए यमुना डूब क्षेत्र में 10 परियोजनाओं पर काम कर रहा है। बीते वर्ष यमुना में आई बाढ़ के कारण कई परियोजना को शुरू करने की तिथि भी बढ़ा दी गई। अब डीडीए अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि मयूर विहार नेचर पार्क, इको-पर्यटन क्षेत्र जैसे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी आएगी। मयूर विहार नेचर पार्क को निजामुद्दीन ब्रिज से डीएनडी फ्लाईओवर के रूट के पास यमुना में 982 एकड़ की जमीन पर तैयार किया जाएगा। इसपर 82.2 करोड़ रुपये की लागत आएगी। साथ ही इको-पर्यटन क्षेत्र को 74 एकड़ जमीन पर 86.7 करोड़ रुपये की लागत से तैयार करना है। इन दोनों प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

राज्य सरकार को 1168 करोड़ रुपये का आवंटन

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय बजट में दिल्ली सरकार को अलग-अलग मदों में 1,168 करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है।

केंद्रीय करों में भागीदारी के नाम पर 2022-23 तक मिलने वाले 325 करोड़ रुपये इस बार नहीं दिए गए हैं। केंद्र की मानें तो केंद्रीय सहायता के रूप में आवंटित धनराशि में ही केंद्रीय करों की सहायता राशि को शामिल किया गया है। इस बार बजट आवंटन में बढ़ोतरी नहीं की गई है।

बजट के आंकड़ों की मानें तो दिल्ली सरकार को मिले 1,168 करोड़ रुपयों में से बीते साल की तरह दो करोड़ रुपये सिख दंगा पीड़ितों के लिए आवंटित किया गया है। आपदा प्रबंधन फंड के तौर पर 15 करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटन, जो पिछले साल शुरू किया गया था, इस बार भी दिया गया है। इसके अलावा केंद्र शासित राज्यों को केंद्रीय सहायता के रूप में कुल 951 करोड़ रुपये दिए हैं, जो कि बीते साल के बराबर है।

पिछली बार की धनराशि में कोई बदलाव नहीं

मद	2023-24	2024-25
सिख दंगा पीड़ित	2	2
आपदा प्रबंधन फंड	15	15
केंद्रीय सहायता	951	951
अतिरिक्त सहायता (पूंजीगत)	200	200

नोट : धनराशि करोड़ में है।